**ओ. एस. डी. ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल**

**सामयिक परीक्षा (जुलाई, 2024)**

**कक्षा : नौंवी**

**विषय: हिंदी** Set B

**समय: 1 घंटा 10 मिनट** **कुलांक: 30**

**सामान्य निर्देश: सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए:--**<br>आज का युग भौतिकवादी युग है। इस युग में जीवन एक्सप्रेस रेल की गति के समान दौड़ रहा है। नगरों, महानगरों में आदमी का जीवन इतना व्यस्त हो चुका है कि उसे अब दिन के चौबीस घंटे भी कम लगने लगे हैं। सुबह से लेकर शाम तक काम, काम, बस काम। आराम के लिए जैसे उसकी दिनचर्या में समय ही नहीं है। आज मशीनों से खेलते-खेलते मनुष्य भी पूरी तरह मशीनी बनता जा रहा है। इस यांत्रिक युग में वह पैसा छापने की मशीन बन गया है। आज उसके पास दूसरों के लिए ही नहीं, बल्कि अपने व अपने परिवार के लिए भी समय का अभाव है। उसकी इस अति व्यस्तता ने उसको आर्थिक संपन्नता तो दी है, जिससे उसके पास भौतिक सुख के साधन एकत्र हो गए हैं, किंतु इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि सुख के इन कृत्रिम सुख-साधनों से उसे वह सुख नहीं मिल रहा है, जिसकी अनुभूति से उसकी आत्मा तक आनंदित हो उठती थी । आज के युग ने व्यक्ति को तनाव जैसी विसंगातियों से जूझने को मजबूर कर दिया है। तनाव व्यक्ति को शारीरिक व मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करता है।<br>1. **व्यस्ततम दिनचर्या के कारण मनुष्य क्या बनकर रह गया है?**<br>क) वह केवल धनी बनकर रह गया है। ख) वह केवल सुखी जीवन बिता रहा है ।<br>ग) वह केवल सुख सुविधा इकट्ठी कर पाया है घ) वह केवल पैसा छापने की मशीन बनकर रह गया है<br>2. **आज मनुष्य के पास किस चीज का अभाव है**?<br>क) मशीनों का अभाव । ख) धन का अभाव<br>ग) सुख सुविधाओं का अभाव घ) समय का अभाव<br>3. **किसकी अनुभूति से मनुष्य की आत्मा तक आनंदित हो उठती है**?<br>क) सुख सुविधाओं से मिले सुख से ख) परिवार व संगी साथियों से मिले अपनत्व से<br>ग) धन की अधिकता से मिले सुख से घ) नगरों तथा महानगरों के रहन-सहन से<br>**लघुत्तरीय प्रश्नोत्तर:-**<br>4. आदमी के जीवन को एक्सप्रेस रेल क्यों कहा है?<br>5. तनाव व्यक्ति को किस तरह प्रभावित करता है? | 5 |
| | **(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| प्रश्न 2 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए:-**<br>(1) 'सम्मोहन' शब्द में उपसर्ग व मूल शब्द अलग कीजिए।<br>(2) 'दर्शनीय' शब्द में प्रत्यय एवं मूल शब्द अलग कीजिए। | 2 |
| प्रश्न 3 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:-**<br>(1) 'लाभ-हानि' - विग्रह करके समास का नाम बताइए।<br>(2) 'शक्ति से संपन्न'- समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए। | 2 |
| प्रश्न 4 | **निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में अलंकार का नाम बताइए:-**<br>(1) काली घटा का घमंड घटा।<br>(2) कुटिल, कुचाल ,कुकर्म छोड़ दे। | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 5 | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-**<br>हस्ती चढ़िए ज्ञान कौ, सहज दुलीचा डारि ।<br>स्वान रूप संसार है, भूँकन दे झख मारि ॥<br>1. **कवि ने साधक को किस पर चढ़ने के लिए कहा है?**<br>क) ज्ञान रूपी कुत्ते पर।  ख) ज्ञान रूपी हाथी पर  ग) ज्ञान रूपी घोड़े पर।  घ) ज्ञान रूपी गधे पर।<br>2. **कवि ने संसार को क्या कहा है?**<br>क) हस्ती  ख) शराब  ग) स्वान  घ) आसन<br>3. **इस साखी में 'झख मारि' मुहावरे का क्या अर्थ है?**<br>क) नीच कर्म करना  ख) अच्छे कर्म करना  ग) व्यर्थ बोलना  घ) बैठ जाना<br>4. **सहज दुलीचा किसका प्रतीक है?**<br>क) सहज जीवन का  ख) सहज भक्ति भावना का  ग) सहज विचार का  घ) सहज भजन का | 4 |
| प्रश्न 6 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए:-**<br>समाज में वर्गों की दूरी बढ़ रही है, सामाजिक सरोकारों में कमी आ रही है। जीवन स्तर का यह बढ़ता अंतर आक्रोश और अशांति को जन्म दे रहा है। जैसे-जैसे दिखावे की यह संस्कृति फैलेगी, सामाजिक अशांति भी बढ़ेगी। सांस्कृतिक अस्मिता का ह्रास तो हो ही रहा है, हम लक्ष्य-भ्रम से भी पीड़ित हैं। विकास के विराट उद्देश्य पीछे हट रहे हैं । हम झूठी तुष्टि के तात्कालिक लक्ष्यों का पीछा कर रहे हैं।<br>1. **उपभोक्तावाद की संस्कृति पाठ किस विधा में लिखा गया है:-**<br>क) कहानी  ख) संस्मरण  ग) निबंध  घ) यात्रा वृत्तांत<br>2. **सांस्कृतिक अस्मिता का अर्थ है?**<br>क) सांस्कृतिक पतन  ख) सांस्कृतिक पहचान  ग) सांस्कृतिक मेल  घ) सांस्कृतिक विकास<br>3. **लेखक के अनुसार भारत में अशांति और आक्रोश का प्रमुख कारण क्या है ?**<br>क) दिखावे की संस्कृति का विकास  ख) पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव<br>ग) संस्कृति को भूल जाना  घ) संस्कृति का परिवर्तन<br>4. **उपर्युक्त गद्यांश के लेखक कौन हैं ?**<br>क)राहुल सांकृत्यायन  ख)प्रेमचंद जी  ग) श्यामा चरण दुबे  घ) जाबिर हुसैन | 4 |
| प्रश्न 7 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**<br>1. लहासा की ओर पाठ के आधार पर सुमति के व्यक्तित्व की विशेषताएँ लिखिए ?<br>2. किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी?<br>3. ज्ञान की आँधी का भक्त के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है? | 6 |
| प्रश्न 8 | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए:-**<br>* पुस्तकालय का महत्व* ,  * रोमांचक यात्रा का वर्णन * | 5 |

**ओ. एस. डी. ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल**

**सामयिक परीक्षा (जुलाई, 2024)**

**कक्षा : नौंवी**

**विषय: हिंदी** Set A

**समय: 1 घंटा 10 मिनट** **कुलांक: 30**

**सामान्य निर्देश:**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:-**<br>व्यक्ति से अगली इकाई परिवार की है। पति-पत्नी माता-पिता तथा बच्चों से परिवार बनता है। परिवार एक ऐसी इकाई है जो समाज और राष्ट्र से जुड़ी रहती है। अतः परिवार को सुख-समृद्धि और मंगल-कामना के लिए प्रयत्न करना 'परिवार कल्याण' कहलाता है। परिवार को सीमित रखने के प्रयत्न में ही परिवार कल्याण का भाव निहित है। मनुष्य को यह बात भली प्रकार समझ होनी चाहिए कि परिवार को बिना सोचे-समझे बढ़ाते चले जाना मूर्खता के अलावा और कुछ नहीं है। यह दुर्भाग्य की बात है कि हमारे देश की जनसंख्या में अंधाधुंध वृद्धि हो रही है जिसके परिणामस्वरूप परिवार-कल्याण का - कार्य पिछड़ जाता है। परिवार के सभी लोगों को सुख-समृद्धि तभी प्राप्त होगी जब परिवार के सदस्यों की संख्या सीमित होगी। एक व्यक्ति की आय को बाँटने वाले जब कम होंगे तब उसे पाने वालों को अधिक धन की प्राप्ति होगी। यह प्रश्न विचारणीय है कि परिवार-कल्याण को ध्यान में रखते हुए परिवार को छोटा कैसे रखा जाए? इसके लिए आम जनता में चेतना जाग्रत करनी होगी। लोगों को समझाना होगा कि जनसंख्या-वृद्धि से उनके परिवार को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।<br>**बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर:-**<br>**1. 'परिवार' किनसे बनता है?**<br>(क) पति-पत्नी से (ख) पति-पत्नी तथा बच्चों से<br>(ग) पति-पत्नी माता-पिता तथा बच्चों से (घ) माता-पिता दादा-दादी तथा बच्चों से<br>**2. लेखक के अनुसार 'परिवार कल्याण' क्या है?**<br>(क) परिवार को नियंत्रित करना (ख) परिवार को छोटा रखना<br>(ग) परिवार का ध्यान रखना (घ) परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगल-कामना के लिए प्रयत्न करना<br>**3. 'परिवार-कल्याण' का भाव किस बात में निहित है?**<br>(क) परिवार के सुख की कामना करने में (ख) परिवार के विस्तार में<br>(ग) परिवार को सीमित रखने के प्रयास में (घ) इनमें से कोई नहीं<br>**लघुत्तरीय प्रश्नोत्तर:-**<br>**4. व्यक्ति का कौन-सा निर्णय मूर्खतापूर्ण है तथा परिवार का कल्याण किसमें निहित है?**<br>**5.परिवार को छोटा कैसे रखा जा सकता है?** | 5 |
| | **(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| प्रश्न 2 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए:-**<br>(1) 'अन्याय' शब्द में उपसर्ग व मूल शब्द अलग कीजिए।<br>(2) 'लिखावट' शब्द में प्रत्यय एवं मूल शब्द अलग कीजिए। | 2 |
| प्रश्न 3 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:-**<br>(1) 'गिरिधर' - विग्रह करके समास का नाम बताइए।<br>(2) सिर में दर्द'- समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए। | 2 |
| प्रश्न 4 | **निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में अलंकार का नाम बताइए:-**<br>(1) सोई संत सुजान | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | (2) नगन जड़ाती थी, वह नगन जड़ाती है। | |
| **प्रश्न 5** | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-**<br>हिंदू मूआ राम कहि, मुसलमान खुदाइ ।<br>कहै कबीर सो जीवता, जो दुहुँ के निकटि न जाइ ।।<br>**(1) कबीर जी ने किसे मृत कहा है?**<br>(क) पशुओं को (ख) हिंदु-मुसलमानों को (ग) हिंदुओं को (घ) मुसलमानों को<br>**(2) हिंदू और मुसलमान किसे भूल बैठे हैं?**<br>(क) अपने परिवार को (ख) अच्छे इंसानों को (ग) सच्चे ईश्वर को (घ) अपने बच्चों को<br>**(3) कवि के अनुसार जीवित कौन है?**<br>(क) जो संतुलित भोजन करता हो (ख) जो अधर्म के रास्ते पर चलता हो<br>(ग) जो आधुनिक ढंग से रहता हो (घ) जो सांप्रदायिक भेदभाव और कट्टरता से दूर हो<br>**(4) कवि कैसा मनुष्य चाहते हैं?**<br>(क) जो भेदभाव से दूर रहता हो (ख) जो भेदभाव मानता हो<br>(ग) जो धनी हो (घ) जो पढ़ा-लिखा हो | 4 |
| **प्रश्न 6** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए:-**<br>संभ्रांत महिलाओं की ड्रेसिंग टेबल पर तीस-तीस हजार की सौंदर्य सामग्री होना तो मामूली बात है। पेरिस से परफ्यूम मँगाइए, इतना ही और खर्च हो जाएगा। ये प्रतिष्ठा-चिह्न हैं, समाज में आपकी हैसियत जताते हैं। पुरुष भी इस दौड़ में पीछे नहीं हैं। पहले उनका काम साबुन और तेल से चल जाता था। आफ्टर शेव और कोलोन बाद में आए। अब तो इस सूची में दर्जन-दो दर्जन चीजें और जुड़ गई हैं।<br>**(1) संभ्रांत महिलाओं से क्या आशय है?**<br>(क) साधारण वर्ग से संबंधित महिलाएँ (ख) मध्यम वर्ग से संबंधित महिलाएँ<br>(ग) संपन्न परिवारों से संबंधित महिलाएँ (घ) उच्च मध्यम परिवार से संबंधित महिलाएँ<br>**(2) लोग विदेशों से परफ्यूम क्यों मँगाते हैं?**<br>(क) अच्छी गुणवत्ता के कारण (ख) भारत में न मिलने के कारण<br>(ग) विदेशी वस्तुओं के मोह के कारण (घ) अपनी शान बघार सकें<br>**(3) 'प्रतिष्ठा चिह्न' से क्या आशय है?**<br>(क) अमीरी का दिखावा (ख) मान-सम्मान की बात<br>(ग) धाक जमाना (घ) साधारण रहन-सहन<br>**(4) पुरुष किस दौड़ में लग गए हैं?**<br>(क) आगे बढ़ने की (ख) सौंदर्य प्रसाधन प्रयोग करने में<br>(ग) ऊँचा उठने की (घ) मेहनत करने में | 4 |
| **प्रश्न 7** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**<br>1. अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा? 'ल्हासा की ओर' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।<br>2. कांजीहौस में कैद पशुओं की हाजिरी क्यों ली जाती होगी?<br>3. कबीर ने ईश्वर को सब 'स्वांसों की स्वांस में' क्यों कहा है? | 6 |
| **प्रश्न 8** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए:-**<br>*सत्संगति का महत्व* *वृक्षारोपण एक आवश्यकता* | 5 |

ओ. एस. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, कैथल

जुलाई परीक्षा 2024

विषय हिंदी

कक्षा नौवीं SET A

निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।

| उत्तर. | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1. | 1.ख) आलसी व कर्महीन व्यक्ति<br>2.क) स्वयं, समाज तथा राष्ट्र को उन्नत<br>3.क) प्रशंसा का पात्र<br>4. जब उस राष्ट्र के नागरिक परिश्रमी व कर्मठ हो<br>5.परिश्रम का महत्व | 1×5=5 |
| 2. | 1. उपसर्ग – सम्<br>मूल शब्द - मान<br>2.मूल शब्द – राष्ट्र<br>प्रत्यय - ईय | 1×2=2 |
| 3. | 1.अन्न और जल द्वंदव समास<br>2.हस्तलिखित तत्पुरुष समास | 1×2=2 |
| 4. | 1.यमक अलंकार<br>2. अनुप्रास अलंकार | 1×2=2 |
| 5. | 1.क) जो ऊँचे कुल में जन्म लेकर बुरे काम करता है<br>2.ख) शराब से<br>3.ख) अच्छे कर्म पर<br>4.ग) शराब | 1×4=4 |
| 6 | 1.ग) निबंध<br>2.ख) उपभोक्तावाद की संस्कृति<br>3.ग) उपभोग भोग को<br>4 ग) श्यामा चरण दूबे | 1×4=4 |
| 7. | 1.लेखक लङ्कोर के मार्ग में अपने साथियों से निम्नलिखित कारणों से पिछड़ गया:<br>लेखक को सुस्त घोड़ा मिला था जो धीरे- धीरे चल रहा था। इस कारण लेखक अकेले में रास्ता भूल गया।<br>एक जगह से दो रास्ते निकल रहे थे। लेखक बाएँ के रास्ते पर मील डेढ़ मील आगे निकल गया और आगे पूछने पर पता चला कि उसे दाएँ रास्ते पर जाना था । दोबारा वापिस आने के कारण वह देर से पहुँचा ।<br>2. छोटी बच्ची की माँ सौतेली थी जिसका व्यवहार उस बच्ची के प्रति अच्छा नहीं था। वह बात- बात पर उसे मारती थी। गया भी हीरा और मोती के साथ बुरा व्यवहार करता था और उन्हें मारता भी था। छोटी बच्ची बैलों के दर्द को महसूस कर रही थी क्योंकि उसे अपनी स्थिति तथा बैलों की स्थिति एक समान लग रही थी। इसलिए छोटी बच्ची के मन में बैलों के प्रति प्रेम उमड़ आया था।<br>3. कबीरदास जी ने ज्ञान के आगमन की तुलना सामान्य हवा से न कर आँधी से इसलिए की है क्योंकि सामान्य हवा का आस-पास की चीज़ों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। लेकिन आँधी आस-पास की चीज़ों | 2×3=6 |

| | | |
|---|---|---|
| | को इधर-उधर कर देती है । ठीक वैसे ही जब ज्ञान का आगमन होता है तो शरीर की सारी बुराइयाँ दूर हो जाती हैं। मन का भ्रम, लोभ लालच , मोह - माया पूरी तरह समाप्त हो जाते हैं। शरीर से छल-कपट रूपी कूड़ा-करकट नष्ट हो जाता है। मनुष्य का मन ईश्वर भक्ति में लीन हो जाता है। | |
| 8. | अनुच्छेद लेखन<br>• भूमिका<br>• विषय वस्तु<br>• भाषायी शुद्धता | 5<br>1<br>3<br>1 |

ओ. एस. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, कैथल

जुलाई परीक्षा 2024

विषय हिंदी

कक्षा नौवीं SET B

निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।

| उत्तर. | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1. | 1.घ) वह केवल पैसा छापने की मशीन बनकर रह गया है।<br>2.घ) समय का अभाव<br>3.ख) परिवार व संगीत साथियों से मिले अपनत्व से<br>4. क्योंकि वह सारा दिन सुबह से लेकर शाम तक काम करने के लिए रेल की तरह दौड़ता रहता है।<br>5. शारीरिक व मनोवैज्ञानिक रूप से | 1×5=5 |
| 2. | 1. उपसर्ग – सम्<br>मूल शब्द – मोहन<br>2.मूल शब्द – दर्शन<br>प्रत्यय - ईय | 1×2=2 |
| 3. | 1.लाभ और हानि द्वंदव समास<br>2.शक्तिसंपन्न तत्पुरुष समास | 1×2=2 |
| 4. | 1.यमक अलंकार<br>2. अनुप्रास अलंकार | 1×2=2 |
| 5. | 1.ख) ज्ञान रूपी हाथी पर<br>2.ग) स्वान<br>3.ग) व्यर्थ बोलना<br>4.ख) सहज भक्ति भावना का | 1×4=4 |
| 6 | 1.ग) निबंध<br>2.ख) सांस्कृतिक पहचान<br>3.क) दिखावे की संस्कृति का विकास<br>4.ग) श्यामा चरण दूबे | 1×4=4 |
| 7. | 1.<br>• सुमति मिलनसार और हँसमुख व्यक्ति है।वह समय-समय पर लोगों से मिलता रहता है।<br>• सुमति लोगों के बीच धर्म गुरु के समान है जो उन्हें बोधगया से लाए गए गंडे दिया करता है।<br>• सुमति समय का पाबंद है। वह लेखक के समय पर न पहुंचने के कारण नाराज़ हो जाता है।<br>• वह आतिथ्य सत्कार में कुशल है।<br>• सुमति बौद्ध धर्म में आस्था रखता है और उसे तिब्बत का भौगोलिक ज्ञान है।<br>• वह लालची स्वभाव का भी है। लेखक द्वारा पैसे दिए जाने पर वह उसे ले लेता है।<br>2. निम्नलिखित घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी : | 2×3=6 |

| | | |
|---|---|---|
| | • हीरा और मोती एक दूसरे को चाटकर और सूंघ कर अपना प्रेमभाव प्रकट करते हैं।<br>• हल में जोते जाते समय दोनों का यही प्रयास रहता था कि अधिक - अधिक से भार उसके कंधे पर हो।<br>• हीरा की गया दवारा पिटाई होने पर मोती गया को मारने दौड़ता है।<br>• सांड का दोनों ने मिलकर सामना किया तथा एक दूसरे की सहायता की ।<br>• मटर के खेत में मोती के पकड़े जाने पर हीरा वहाँ से नहीं भागता और वापिस आ जाता है और फिर दोनो पकडे जाते हैं।<br>3.ज्ञान की आँधी आने से भक्त के मन से अज्ञान का पर्दा हट जाता है तथा मन का भ्रम दूर हो जाता है। मनुष्य मोह – माया के बंधनों से मुक्त हो जाता है। मन की सारी दुविधा समाप्त हो जाती है। प्रेम रूपी वर्षा में सभी भक्त जन भीग जाते हैं। ज्ञान रूपी सूर्य का प्रकाश अज्ञान रूपी अंधकार को नष्ट कर देता है। संतों के मन में भक्ति का प्रकाश फैल जाता है तथा मन पवित्र होकर प्रभु की भक्ति में लीन हो जाता है। | |
| 8. | अनुच्छेद लेखन<br>• भूमिका<br>• विषय वस्तु<br>• भाषायी शुद्धता | 5<br>1<br>3<br>1 |